# प्रेस नोट–जनपद मुजफ्फरनगर
## दिनांक– 05.07.2025

* **थाना बुढाना पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र निर्माण फैक्ट्री जब्त करते हुए अवैध शस्त्रों का निर्माण करने वाले व विक्रय करने वाले 03 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 05.07.2025 को प्र0नि0 थाना बुढ़ाना श्री आनन्द देव मिश्र मय हमराहीगण द्वारा अवैध शस्त्रों का निर्माण करने वाले व विक्रय करने वाले 03 शातिर अभियुक्तगण 1. शाहरूख पुत्र रियासत निवासी ग्राम पिठलौखर थाना सरधना, मेरठ 2. जावेद पुत्र दाउद निवासी ग्राम नंगला थाना रतनपुरी, मुजफ्फरनगर व 3. गुफरान उर्फ पप्पू पुत्र इखलाख निवासी ग्राम पिठलौखर थाना सरधना जनपद मेरठ को मुखबिर की सूचना पर सठेडी पुलिया से विझाना कट मेरठ करनाल हाईवे की ओर जाने वाले रास्ते पर हाईवे से 500 मीटर पहले पडने वाले खण्डर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 02 बंदूक 315 बोर, 02 बन्दूक 12 बोर, 01 पोनिया 12 बोर, 11 तमंचे 315 बोर, 04 तमंचे 12 बोर, 06 अधबने तमंचे, 04 नाल 12 बोर, 05 नाल 315 बोर, 15 कारतूस 12 बोर, 10 कारतूस 315 बोर, शस्त्र निर्माण के उपकरण (02 हथौड़ी, 01 छैनी, 01 लोहा काटने की आरी, 20 आरी ब्लेड, 01 सरिया, 01 स्प्रिंग, 22 रिपिट, 06 बर्मा पेंच, 01 नाल में बोर करने का उपकरण, 01 लकडी का गुटका, 01 ड्रिल आदि) बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 285/25 धारा 5/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

* **थाना खतौली पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–**

दिनांक 05.07.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रताप सिंह सोलंकी मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 250/25 धारा 137(2),87,64(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो अधिनियम में वांछित अभियुक्त संजू पुत्र संदीप निवासी ग्राम नगला रूद्र थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को खतौली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 05.07.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त उ0नि0 श्री शशि कुमार मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 169/25 धारा 87,64(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त राकिब उर्फ रागिन पुत्र उमर मौहम्मद उर्फ बुरजी निवासी ग्राम दीदाहेडी थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर को मलीरा कट के पास से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना भौराकलां पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 05.07.2025 को थाना भौराकलां पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनमोहन कुलश्रेष्ठ मय हमराहीगण द्वारा वाद संख्या 622/9/2005 मु0अ0सं0 12/05 धारा 379 भादवि में वारण्टी अभियुक्त कृष्णपाल पुत्र सरदारा धीवर निवासी ग्राम सावटू थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 04.07.2025 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 172/25 धारा 191(2),191(3),333,,115(2),109(1),352 बीएनएस में वांछित अभियुक्त सुरजन पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम अमीरनगर थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को अमीरनगर ओवरब्रिज के नीचे से नहर पटरी के किनारे से गिरफ्तार किया गया।

- **<u>थाना तितावी पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–</u>**

दिनांक 04.07.2025 को थाना तितावी पर नियुक्त उ0नि0 श्री अजयपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा मु0अ0सं0 171/25 धारा 65(1),62,78 बीएनएस व 3/4(2)/18 पोक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अब्दुल रहमान पुत्र साबिर निवासी ग्राम बुडीना कला थाना तितावी, मुजफ्फरनगर को ग्राम बुडीना कब्रिस्तान के पाास से गिरफ्तार किया गया।

- **थाना भापा पुलिस द्वारा किसानो की टयूबवेलो व घरो से सामान चोरी करने के अभियोगों का सफल अनावरण, 06 चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार–**

दिनांक 05.07.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजदीप सिंह मय हमराहीगण द्वारा चोरी के 06 अभियोगों(मु0अ0सं0 186/25 धारा 303(2) बीएनएस, मु0अ0सं0 212/25 धारा 305ए बीएनएस, 3. मु0अ0सं0 207/25 धारा 305क,331(4) बीएनएस थाना भोपा, मुजफ्फरनगर व 4. मु0अ0सं0 236/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर 5. मु0अ0सं0 63/25 धारा 305ए बीएनएस थाना ककरौली व 6. मु0अ0सं0 73/25 धारा 305ए,331(4) बीएनएस थाना ककरौली, मुजफ्फरनगर व 7. मु0अ0सं0 88/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना भौराकलां, मुजफ्फरनगर) का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. सोनू पुत्र गोकल निवासी ग्राम शुक्रताल घण्टीपर थाना भोपा, मुजफ्फरनगर 2. जय कुमार पुत्र रघुवीर निवासी छगीरन थाना बडगांव, सहारनपुर 3. रोशन पुत्र सहला निवासी लाल बाला थाना चिलकाना, सहारनपुर 4. वकील पुत्र नफीश निवासी आजाद चौक शामली थाना कोतवाली नगर, शामली 5. युसूफ पुत्र मौ0 लईक निवासी बडी माता गुजरियान मौ0 गौशाला रोड थाना कोतवाली नगर, शामली व 6. सोनू उर्फ काला पुत्र राजपाल निवासी कपूरी थाना नकुड, सहारनपुर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किये गये 06 केबिल करीब 07 किलो 700 ग्राम तांबे का तार, 01 इन्वेटर सू–केम कम्पनी, 02 सरसो तेल के तेल की बोतल मार्का सुगन्ध, 02 रिफाईन्ड की थैली महाकोश, 01 डिब्बी सिगरेट गोल्ड फ्लेक व 09 हजार रूप्ये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।